हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 दूसरे दिन भी जारी रही चालकों की हड़ताल, जनजीवन प्रभावित



## खबर संक्षेप

### द्वितीय श्री श्याम गुणगान उदयपुर में 7 से

**अंबिकापुर।** जिले के उदयपुर में द्वितीय श्री श्याम गुणगान का आयोजन 7 जनवरी से किया जा रहा है।



आयोजन समिति श्याम दीवाने (भगवाधारी) के प्रमुख मनीष बंसल ने बताया कि श्याम गुणगान का आयोजन जिले में दूसरी बार किया जा रहा है। श्याम गुणगान के अवसर पर 7 जनवरी को सुबह 9 बजे शिव मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। कार्यक्रम के शाम 4.15 बजे से पप्पू महाराज के सानिध्य में बाबा श्याम की पूजा अर्चना एवं भव्य कीर्तन प्रारंभ की जाएगी। इस भव्य आयोजन में अलौकिक दरबार, बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, श्याम रसोई का विशेष आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम में श्याम जगत के प्रसिद्ध महान गायक वृन्दावन श्रीधाम के नंदू दादा, रायपुर से विनय अग्रवाल, सुरेश राजस्थानी, हरियाणा से सुनील डाया नामदेव, उड़ीसा से सुभांगी सोनी, मुंबई से गिन्नी कौर, कटिहार से आदर्श दाधीच अपनी मधुर वाणी से बाबा के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### ओपी यादव को स्टार लगाकर दी गई निरीक्षक पद पर पदोन्नति

**अंबिकापुर।** मंगलवार को नए वर्ष के अवसर पर एसपी ने पुलिस अधिकारी को पदोन्नति की सौगात दी है।



पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन में स्टार सेरेमनी का आयोजन कर जिले में पदस्थ उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। एसपी ने निरीक्षक ओमप्रकाश यादव को विभाग द्वारा प्रदत्त नये दायित्यो का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उच्च स्तर की कार्यकुशलता का प्रदर्शन कर आम नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। स्टार सेरेमनी के दौरान पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पारा में उतार-चढ़ाव

**अम्बिकापुर।** मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। सोमवार को रात के तापमान में 2.0 डिग्री की गिरावट होने के बाद मंगलवार को तापमान फिर से बढ़ गया है। मौसम अधिकारी उत्तर भारत में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आगे भी इस तरह की स्थिति जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहें है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि पिछले दो दिनों से उत्तर भारत के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है वहीं अरब सागर में सक्रिय लो प्रेशर धीरे-धीरे अवदाब बनने की ओर अग्रसर है जिसका प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। मंगलवार को चक्रवाती परिसंचरण की तीव्रता में वृद्धि होने के कारण रात के तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट हुई है तथा निम्नतम तापमान 9.8 डिग्री पर पहुंच गया है। चक्रवाती परिसंचरण ने पछुआ विक्षोम की गति पर ब्रेक लगा दिया है। चक्रवाती की गति पर ब्रेक लगा दिया है। चक्रवाती परिसंचरण के कमजोर पड़ने के उपरांत विक्षोम की गति में तेजी आने एवं विक्षोम का प्रभाव तीन चार दिन में पहुंचने की संभावना है। विक्षोम का प्रभाव पहुंचने तक तापमान में उतार-चढ़ाव होने का क्रम जारी रहने की संभावना है।

## पांच दिनों से भटक रहे गंझाडांड़ एवं लालमाटी जंगल में

# ग्रामीणों द्वारा लगातार पटाखे फोड़ने से भूखे भागदौड़ कर रहे हाथी हुए आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- वन अमले की समझाइश का ग्रामीणों पर नहीं पड़ रहा असर
- आबादी क्षेत्र में तोड़फोड़ मचाने की बढ़ी संभावना

पिछले पांच दिनों से अपने पारंपरिक मार्ग को पकड़ने के लिए लगातार भागदौड़ कर रहा हाथियों का दल अब थक कर चूरहो गया है। लोगों के लगातार शोर-गुल एवं रास्ता बाधित करने से हाथी आक्रोश में हैं। पूरी रात हाथियों को सुरक्षित उनके मार्ग पर पहुंचाने की कोशिश में वन अमला भी पस्त हो गया है। रास्ता इसी तरह रोकते रहे तो हाथियों द्वारा आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़फोड़ मचाने एवं जनहानि की घटना को अजाम देने से इंकार नहीं किया जा सकता।

वन परिक्षेत्र धौरपुर अंतर्गत ग्राम डड़गांव के पारंपरिक रास्ते से जशपुर की ओर जा रहे 27 सदस्यीय हाथियों का रास्ता बाधित करने से हाथी पांच दिन पूर्व भटक कर शहर के निकट गंझाडांड़ जंगल पहुंच गए थे। हाथियों के शहर के निकट पहुंचने पर वन अमला दिन-रात हाथियों की निगरानी कर रहा है। हाथी शाम ढलने के बाद लगातार अपने पारंपरिक रास्ते को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। वन अमला भी पूरी रात हाथियों को उनके मार्ग तक सुरक्षित पहुंचाने की मशक्कत कर रहा है लेकिन विभाग को सफलता नहीं मिल पा रही है। हाथियों के आगे बढ़ते ही ग्रामीण पटाखा फोड़ने लगते हैं जिससे हाथी पूरी रात भागदौड़ करने मजबूर हो गए हैं। शहर के निकट के क्षेत्रों में पर्याप्त चारा-पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण हाथी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद परेशान हाथी अब असमंजस में पड़ गए हैं तथा किस मार्ग से आगे बढ़ें यह तय नहीं कर पा रहे हैं। बीती रात हाथियों का दल गंझाडांड़ जंगल से निकला तथा लालमाटी जंगल की ओर बढ़ने लगा। वन अमला हाथियों को मोहनपुर कंठी के रास्ते पायल पहाड़ की ओर ड्राइव करने की कोशिश कर रहा था। हाथियों के आगे बढ़ते ही रात्रि 10.30 बजे ग्रामीण पटाखा फोड़ने लगे, एकत्र होकर वनकर्मियों से विवाद करने लगे। पटाखे एवं टार्च की तेज रोशनी से भड़ककर तथा पीछे लौटने लगे। मध्य रात्रि हाथी एनएच क्रास कर निर्माणाधीन वसुंधरा ग्रीन सिटी के पास जलश्रोत में पानी पीने के उद्देश्य से बढने लगे तो पार्क में पिकनिक मना रहे लोग पटाखे फोड़ने लगे। इस दौरान दोनों ओर से घिरे हाथियों ने मिर्गाडांड़ पहाड़ी पर खड़े रहकर घंटों बिताया तथा सुबह धूप निकली तो पास के जलस्त्रोत में घंटों जलक्रीड़ा की। सुबह 11.30 बजे वन अमले ने पुलिस की मदद से भीड़ को तितर-बितर कर एनएच पर दोनों ओर से आवागमन रोका तो हाथी गंझाडांड़-लालमाटी के बीच जंगल में पहुंचे।



लालमाटी बस्ती के समीप भ्रमण करते हाथियों का दल।

### दो दिन से भूखे हैं हाथी

हाथियों के दल में 27 वयस्क हाथियों के अतिरिक्त 6-7 शावक हैं। वन अधिकारियों द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे से निगरानी करने पर दल में शामिल शावकों की जानकारी मिल। पिछले दो दिनों से ग्रामीणों द्वारा लगातार पटाखे फोड़ने के कारण हाथी पूरी रात भागदौड़ कर रहे हैं। भूखे हाथी आक्रोशित हो गए हैं। आज भी इसी तरह की स्थिति निर्मित हुई तो हाथी घरों में तोड़फोड़ मचा सकते हैं। अधिकारियों के निर्देश पर वन अमला पूरे दिन प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक कर रहा। वन अमला ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने, पटाखा व टार्च का उपयोग नहीं करने एवं फसल क्षति की चिंता नहीं करने के लिए जागरूक कर रहा है।

### सख्त हुआ विभाग

ग्रामीणों द्वारा हाथियों का रास्ता बाधित करने से बर रही विपरीत स्थिति से बचने अब वन अधिकारी सख्त हो गए हैं। विभाग ने हाथियों की सुरक्षा में वनकर्मियों, पुलिस बल, ट्रेकर दल एवं हाथी मित्र दल की अलग-अलग 6 टीमों को तैनात किया है। अधकारियों ने हाथियों के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने वाले, पटाखा फोड़ने एवं रास्ते में वाहन चलाने सहित अन्य तरह की बाधा पैदा करने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। हाथियों को उनके इच्छित मार्ग पर अग्रसर करने की दृष्टि से सभी वैकल्पिक मार्गों, जंगल किनारे के घरों को खाली करा परिवार के सदस्यों को शासकीय भवनों में पहुंचाया गया है। खतरे को देखते हुए ाज हर हाल में हाथियों को उनके पारंपरिक मार्ग तक पहुंचाने की तैयारियां की गई है।

### हाथियों को देखने उमड़ी भीड़

एनएच किनारे मिर्गाडांड़ पहाड़ीपर हाथियों के मौजूद होने की सूचना पपर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा पहुंच गए। इस दौरान युवा एनएच पर खड़े होकर हाथियों का वीडियो बनाते रहे। इस दौरान युवा हाथियों के नजदीक जाने की भी कोशिश कर रहे थे। सुबह हाथियों के एनएचपार करने के दौरान युवा शोर मचाते रहे। वन अधिकारियों द्वारा बार-बार समझाइश देने के बाद युवा मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे थे। वन अमले ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को सुरक्षित एनएच पार कराया।

### स्कूलों में अवकाश रोका गया सर्वे कार्य

लुंड्रा विकासखंड के में 33 हाथियों का दल मौजूद है। हाथियों का दल गंजाडांड, लालमाटी, बांसाझाल और सुमेरपुर वन क्षेत्र में विचरण कर रहा है। ऐसे में मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कुंदन कुमार ने किसी भी तरह की हानि से सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। इसके साथ ही पीवीटीजी सर्वे को भी रोकने निर्देशित किया गया है। हाथियों की मौजूदगी के कारण 3 जनवरी को लालमाटी क्षेत्र में लगने वाले शिविर को भी स्थगित कर दिया गया है।

### व्यवधान पर होगी सख्ती

वन एवं पुलिस विभाग की अलग-अलग छह टीमें हाथियों की नियमित निगरानी कर रही हैं। ड्रोन कैमरे से भी विभाग हाथियों पर नजर रख रहा है। हाथियों के सुरक्षित आवाजाही में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-एस शेखर, डीएफओ सरगुजा



# उप स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य कर्मी नदारद, भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- शिकायत के बाद जनप्रतिनिधि पहुंचे औचक निरीक्षक पर, कार्रवाई की मांग

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शासन प्रशासन के निर्देश के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सक नियमों का पालन नहीं कर रहे है और बिना सूचना के ही स्वास्थ्य केंद्रों को बंद कर गायब रहते है। ऐसे में मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें उपचार के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। क्षेत्र के सरपंच व जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में इस बात का खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत सरगा के उप स्वास्थ्य केंद्र के आए दिन बंद रहने की शिकायतें मिल रही थी। ग्रामीणों की शिकायत थी कि स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल में ताला लगाकर गायब रहते है और जरूरत पड़ने पर उन्हें उपस्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार का लाभ नही मिल पा रहा है। शिकायत के बाद सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में केवल आरएचवो वीरेंद्र बखला ड्यूटी पर नजर आए जबकि वहां पदस्थ दो अन्य महिला स्वास्थ्यकर्मी बिना की सूचना के गायब थे। इस संबंध में जब आरएचओ से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि सीएचओ सोनिया लकड़ा एवं एनएम उर्मिला पन्ना मौखिक सूचना देकर छुट्टी पर गई है। स्वास्थ्य कर्मियों के अवकाश पर जाने के कारण उपस्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा चरमरा गई है। लोगो को अपना उपचार कराने के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। बिना सूचना के उपस्वास्थ्य केंद्र से गायब होने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मियों के इस रवैये से लोगो मे काफी नाराजगी है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की शिकायत सही पाए जाने पर सरपंच ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में एक पंचनामा तैयार कर लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव में मौजूद उप स्वास्थ्य केंद्र लोगो के उपचार का एकमात्र जरिया है जहां बीमार लोग अपना उपचार कराने आते हैं। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों की यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोषियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में बीएमओ ने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय भूमि पर कब्जा कर किए गए निर्माण को ननि ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रातों रात लगाई गई गुमटियों को किया गया जब्त

मंगलवार को नगर निगम द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। ननि आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता टीम द्वारा रात के समय लगाई गई दो गुमटियों को हटाया गया इसके साथ ही शासकीय भूमि पर किए गए निर्माण व बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया।

बता दें कि शहर में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच बीती रात कुछ लोगों द्वारा बनारस रोड में गायत्री हॉस्पिटल के सामने रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर दो गुमटियों को रखकर कब्जा कर लिया गया था। जानकारी मिलने के बाद ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर उड़न दस्ता टीम द्वारा दोनों गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई। टीम द्वारा गुमटियों को जब्त कर लिया गया है और पुनः अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही आज टीम द्वारा शहर के बिशुनपुर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। ननि अधिकारियों ने बताया कि बिशुनपुर में शासकीय भूमि पर कमलेश ओहदार द्वारा कब्जा कर मकान व बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था। अवैध निर्माण की शिकायत के बाद अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी किया गया था और प्रकरण ननि आयुक्त के समक्ष चल रहा था। प्रकरण में अतिक्रमणकारी कोई दस्तावेज नहीं पेश कर पाया जिसपर निगम आयुक्त द्वारा सितंबर माह में अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया गया था लेकिन स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज उड़न दस्ता टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान टीम द्वारा अवैध रूप से बनाए गए बाउंड्री वाल को तोडा गया जिसके बाद अतिक्रमणकारी ने स्वयं से कब्जा हटाने की बात कही। फिलहाल ननि द्वारा उसे जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है।



# बच्चों के लिए कमल फूल तोड़ने गए पिता की जल समाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुत्री व बेटा के साथ डबरी में स्नान करने गए पिता की डबरी में डूबने से मौत हो गई। बेटी व पुत्र के कहने पर डबरी में कमल फूल तोड़ने अंदर गया तभी गहरे पानी में डूब गया। परिजन उसे डबरी से निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार मिशन चौक समीप निवासी बलराम खांडेकर आ. स्व. राम अवतार (34 वर्ष) 31 दिसंबर को परिवार के साथ अपने ससुराल रेवापुर दरिमा गया था। गत दिन पुत्री साधना व बेटा देव के साथ डबरी में स्नान करने गया था। डबरी में कमल फूल देखकर दोनों ने पिता से कमल फूल तोड़ कर जाने की बात कही। संतान की मांग पर पिता डबरी में कमल फूल तोड़ने गहरे पानी में गया तभी पैर में सेवाल फंस जाने के कारण पानी में डूब गया। पिता के पानी में डूब जाने पर साधना व देव दौड़कर घर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे किसी तरह बलराम को पानी से निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## कार पलटने से युवक की मौत, भाई की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ डीपाडीहकला के समीप कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने कार चला रहे भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार भाई घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम देवसराकला निवासी सुनिल भगत आ. लवंग साय आज सुबह लगभग 11 बजे भाई सतेन्द्र के साथ किसी काम के सिलसिले में डीपाडिहकला जाने के लिए कार क्रमांक सीजी 12 डी 6950 से निकले थे। जैसे ही कार सवार अम्बिकापुर-कुसमी मार्ग पर पहुंचे तभी कार चला रहे सतेन्द्र ने वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सतेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुनिल भगत घायल हो गया। घायल का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।

# कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर से परिवार के लिए चावल लेकर आ रहे बाइक सवार को मेण्ड्राकला मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम भुइयापारा निवासी अर्जुन खडिया आ. बराहित खड़िया (40 वर्ष) परिवार के साथ जोगीबांध ईट भट्टा में काम करने आया था। सोमवार को चावल लेने लखनपुर अपने घर गया था। शाम को वापस जोगी बांध आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम मेण्ड्राकला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में अर्जुन व बंठू घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने घायलों को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत अर्जुन को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## राजस्थान के बाड़मेर व राजनांदगांव में करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व, किसी के पिता मजदूर तो कोई अंडा बेचकर चलाता है परिवार

# बास्केटबॉल के पांच खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में से एक खिलाड़ी राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी जबकि चार बच्चे राजनांदगांव में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। बड़ी बात यह है कि बच्चे बेहद सिमित संसाधनों में खेलकर इस मुकाम पर पहुंचे है। इसके साथ ही इनमे से कई बच्चों के परिजन मजदूरी कर व अंडा बेचकर बच्चों को इस काबिल बनाया है और उनकी मंशा अपने बच्चों को सफलता की ऊंचाई छूटे हुए देखना है।

बता दें कि 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग राज्यों में किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तहत सब जूनियर वर्ग की एक प्रतियोगिता 8 से 13 जनवरी तक राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित की जा रही है कि 4 से 7 जनवरी तक सब जूनियर व जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता राजनांदगांव में होगी। इस प्रतियोगिता में सरगुजा के पांच बास्केटबॉल खिलाड़ियों का चयन किया है। प्रतियोगिता में अथर्व प्रताप सिंह, श्रेयांस सोनी, कुमारी अंकिता गुप्ता का चयन सब जूनियर वर्ग के लिए व कुमारी ईलीसिबा तिर्की का चयन जूनियर वर्ग में किया गया। चयनित चारों खिलाड़ी राजनांदगांव में 4 जनवरी से होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेलेंगे जबकि कुमारी सीमा नगेशिया का चयन जब जूनियर वर्ग में किया गया है जो राजस्थान के बाड़मेर में 8 जनवरी से शुरू होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इस उपलब्धि राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि बास्केटबॉल खेल का सिमित संसाधनों में ही सरगुजा जिला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर अंकित हो रहा है। बड़ी बात है कि ईलीसिबा तिर्की व कु. सीमा नगेशिया यह दोनों मजदूर परिवार की बच्चीयां है जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यह साबित किया है कि प्रतिभा के सामने कोई भी मजबूरी आड़े नहीं आ सकती है। वहीं अंकिता के पिता अंडा बेचकर परिवार का पालन करते है। अंकिता ने इससे पहले छत्तीसगढ़ सब-जूनियर बास्केटबॉल टीम की प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीत कर सरगुजा जिला का मान बढ़ाया है। वहीं अथर्व प्रताप सिंह बास्केटबाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार नेशनल खेलते हुए उड़ीसा में गोल्ड मेडल व सीबीएसई नेशनल में सिल्वर मेडल जीतकर सरगुजा जिला का परचम लहराया। श्रेयांस सोनी दूसरी बार नेशनल मैच खेलने जा रहा है। अगर शासन और प्रशासन की ओर से संघ को सहयोग दिया जाता है तो आने वाले समय में सरगुजा बास्केटबॉल खेल में राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास बनायेगा। टीम के चयन पर संघ के अध्यक्ष व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अधिक्वता डीके सोनी, गौरव सिंह, केपी सिंह, विजय सिंह, सौरभ सिन्हा. रघुनाथ मुखर्जी, दीपक सोनी, अभिमन्यु सिंह, रजत सिंह, वेदांत तिवारी, निशांत सिंह, आबिद हुसैन, भीम सिंह व अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।



चयनित खिलाड़ी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन ने की आत्महत्या

**लॉस एंजेलिस।** हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन का निधन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निधन की पुष्टि कथित तौर पर पूर्व पति केनेथ लो ने की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयला जलाने के बाद बोनी लाई बेहोश हो गई और कुछ देर बाद धुएं के कारण उनकी मौत हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को उनके आवास पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 'यंग एंड डेंजरस 3' एक्ट्रेस ने पहले कथित तौर पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाया था, जिसके बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। डॉक्टरों ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताया है। लाई सुक यिन ने अपनी मौत से एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाते हुए एक तस्वीर भी साझा की थी। इसमें उनके पति और बच्चे दोनों साथ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि मौत से दो हफ्ते पहले वह अपने पूर्व पति से मिलने आई थीं और पिछले 20 साल से डिप्रेशन से जूझ रही थीं। 1995 में मिस एशिया प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर उभरने के बाद, लाई सुक-यिन ने वैम्पायर एक्सपर्ट II, यंग एंड डेंजरस 3 और लीगल अफेयर्स में अभिनय किया। उन्होंने 1998 में केनेथ लो से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे हुए। 2006 में दोनों अलग हो गए और 2007 में लाई ने कॉस्मेटिक सर्जन एंगस हुई ची-चिंग से शादी कर ली। लाई और एंगस हुई ची-चिंग के दो बेटे हैं।



### टॉलीवुड

# ओटीटी पर धमाल मचाएंगी हॉय नन्ना, 4 जनवरी को होगी स्ट्रीम



**चेन्नई।** साउथ फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। मृणाल और नानी की फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही है। खबर के मुताबिक, इस फैमिली ड्रामा ने 21 दिनों में करीब 46 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। खैर, अगर आपने सिनेमाघरों में फिल्म मिस कर दी है तो आप ओटीटी पर भी इसका मजा ले सकते हैं। 'हाय नन्ना' ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म को 4 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में ओटीटी पर देख सकते हैं। एक रोमांटिक कहानी होने के अलावा, 'है नन्ना' एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को भी खूबसूरती से दर्शाती है। विराज (नानी) एक पेशेवर फोटोग्राफर है और अपनी बेटी माही (कियारा) को अकेले ही पालता है। माही यह जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन है? लेकिन विराज हमेशा इस सवाल को नजरअंदाज कर देता है। आखिरकार वह यशना (मृणाल ठाकुर) से मिलने के बाद उसे माही की असली मां के बारे में बताता है। इस तेलुगु पारिवारिक ड्रामा में मृणाल ठाकुर और नानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में मृणाल और नानी के अलावा बाल कलाकार कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिकाओं में नजर आए।

### भोजपुरी

# पैसों की दिक्कत के कारण कभी दूध बचते थे खेसारीलाल



**पटना।** खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। भोजपुरी जगत में उनकी गिनती हाईएस्ट पेड एक्टर्स में होती है। उन्होंने कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है लेकिन एक वक्त था जब उनके पास पैसों की काफी दिक्कत थी। दरअसल, एक्टिंग में कदम रखने से पहले वो लिट्टी चोखा बेचा करते थे. इसका खुलासा उन्होंने खुद एक शो पर किया। खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है।एक शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे।

## लाइफ स्टाइल

### एथनिक ट्रेडिशनल लुक

शमा सिकंदर अपने स्टाइल से फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। ये कहना गलत नहीं होगा की शमा टीवी की दुनिया की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। शमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन अपनी नई-नई तस्वीरों से फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। वो कभी अपने बोल्ड लुक से तो कभी ट्रेडिशनल लुक से होश उड़ाती रहती हैं। शमा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीर शेयर की हैं। ट्रेडिशनल लुक में वो सिंपल तो लग रही पर बला की खूबसूरत भी लग रही हैं।



# ऊनी कपड़ों से है एलर्जी, बचने के लिए ये टिप्स करें फॉलो

सर्दियों में अक्सर कई लोगों को शिकायत होती है कि ऊनी कपड़ों से उनकी स्किन पर दाने, रैशेज और खुजली की समस्या हो जाती है। दरअसल कुछ लोगों की स्किन काफी सेंसिटिव होती है तो कभी-कभी ज्यादा ड्राइनेस की वजह से वुलेन से एलर्जी हो सकती है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए स्वेटर और शॉल जरूरी होते हैं, लेकिन कुछ लोगों को वुलेन वाले कपड़े पहनने की वजह से स्किन पर एलर्जी होने लगती है। अक्सर कई लोगों को आपने कहता सुना होगा कि गर्म कपड़े पहनने से उनकी स्किन पर लाल चकते पड़ जाते हैं या महीन दाने निकल आते हैं, जिसकी वजह से



इरिटेशन, खुजली और स्किन पर जलन होने लगती है. ऊनी कपड़े पहनते समय अगर कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए तो इस समस्या से बचा जा सकता है।

### स्किन को वुलेन के संपर्क से बचाएं

अगर ऊनी कपड़ों की वजह से रैशेज हो जाते हैं तो सबसे पहले फुल स्लीव की कोई ऐसी टी-शर्ट या टॉप पहनें, जो कॉटन या बहुत ही मुलायम कपड़े का हो। इससे आपकी त्वचा सीधे वुलेन के संपर्क में नहीं आएगी और आपकी स्किन रैशेज से बची रहेगी।

### स्किन को हाइड्रेट रखें

सर्दियों में अपनी स्किन को हाइड्रेट रखें ताकि ड्राइनेस न हो। इसके लिए भरपूर मात्रा में पानी पीने के साथ ही रोजाना रात को जैतून के तेल या फिर कोकोनट ऑयल से हाथ-पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर अच्छी तरह से मसाज दें।

# साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाएं ये आसान तरीके

हर किसी को अपने शरीर के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। आप साड़ी पहनकर महफिल में छा सकती हैं। अगर आपका फिगर पतला है तो कॉटन, फैब्रिक और टसर सिल्क की साड़ियां आप पर बहुत अच्छी लगेंगी। इन्हें पहनकर आप ज्यादा पतली नहीं दिखेंगी। वहीं, अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो शिफॉन, क्रेप, जॉर्जेट फैब्रिक की साड़ी पहनें। इससे आप स्लिम दिखेंगी।

**साड़ी खरीदते समय लंबाई का ध्यान रखें :** साड़ी खरीदते समय उसकी लंबाई का विशेष ध्यान रखें। दरअसल, बड़े प्रिंट और चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियां लंबाई को छोटी दिखाती हैं। अगर बहुत लंबी महिलाएं इनका इस्तेमाल करें तो उनकी लंबाई कम हो जाएगी। वहीं छोटे कद की महिलाओं को बिना बॉर्डर या पतले बॉर्डर वाली साड़ी पहननी चाहिए, जिससे उनकी हाइट थोड़ी लंबी लगेगी।



# वेस्टर्न हो या एथनिक फुटवियर बनाएंगे स्मार्ट और स्टाइलिश




अपने वॉर्डरोब में जूतों का कलेक्शन न सिर्फ महिलाओं को पसंद आता है बल्कि पुरुषों को भी पसंद आता है। लेकिन एक समस्या जो दोनों में देखी जाती है वह है कि हर मौके पर क्या पहना जाए। जितने ज्यादा विकल्प उतना बेहतर। बात करने और सुनने में तो यह अच्छा लगता है, लेकिन असल में यह सिर्फ भ्रम पैदा करता है। आप किस तरह के जूते किस कपड़े के साथ पहन सकते हैं।

**लेदर म्यूल:** टैन, ब्लैक और ब्राउन टोन मशहूर हस्तियों के पसंदीदा शेड हैं और सबसे अच्छा फैशन स्टेटमेंट बनाते हैं। जो पुरुष जूतों पर बहुत अधिक पैसा खर्च नहीं करना चाहते हैं और एक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं, जिसे एथनिक से लेकर कैजुअल वियर तक हर चीज के साथ पहना जा सके। खच्चर उनके लिए सर्वोत्तम हैं।

**फ्यूजन लोफर्स:** मुलायम चमड़े से बने लोफर्स लगभग सभी मौसमों में पहनने के लिए सबसे अच्छे होते हैं। मोकासिन जूते बंद जूते हैं और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। यह आपके सामान्य चमड़े के जूतों की तुलना में एक स्मार्ट विकल्प है। आप इन्हें स्मार्ट सेमी-फॉर्मल या फॉर्मल लुक के साथ पेयर कर सकते हैं। लोफ़र्स विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों जैसे मैरून, नीले और मैरून में उपलब्ध हैं।

**स्यूड चाका:** हाल के वर्षों में चाका की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है। ये गोल, मुलायम और टखने तक





लंबाई वाले होते हैं। इस पर ज्यादा सजावट नहीं है। ये स्नीकर्स का परफेक्ट विकल्प हो सकते हैं और इनका टेक्सचर भी काफी अच्छा होता है। इसे चमड़े या स्पोर्ट्स जैकेट, जींस और पोलो शर्ट के साथ पहनें।

**कोल्हापुरी चप्पल:** पारंपरिक कपड़ों के साथ पहनने के लिए कोल्हापुरी चप्पलें बेस्ट ऑप्शन हैं। चाहे आप कुर्ता या शेरवानी पहनें या फिर धोती के साथ भी इन्हें पहन सकते हैं। आराम के लिहाज से भी ये अच्छे हैं। कई शैलियों और रंगों में भी उपलब्ध है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्हें रोजमर्रा के कपड़ों के साथ और यहां तक कि पार्टियों में भी पहना जा सकता है। वे टिकाऊ होते हैं और वर्षों तक चलते हैं।

# स्किन टोन के हिसाब से चुनें नेल पालिश, खूबसूरती में लगेंगे चार चांद

*अगर लुक में सबकुछ परफेक्ट हो, लेकिन नेल पेंट सही न लगे, तो पूरी अपीयरेंस पर इसका असर पड़ता है। लेकिन मेकअप के साथ ही अगर नेल पॉलिश भी आप स्किन टोन के हिसाब से चुनेंगी, तो ये आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगा देगा।*

### फेयर स्किन के लिए

अगर आपका रंग गोरा है और आपको लगता है कि आप पर तो सभी कुछ फबेगा, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। फेयर कलर वाली लेडीज को सॉफ्ट बेरी और ब्लू अंडरटोन के साथ वाइन रेड, डस्टी रोज, पारदर्शी, शाइनी पिंक जैसे कलर अपने नेल्स पर कैरी करने चाहिए। इसमें आपके हाथ बेहद क्लासिक लगेंगे।

### गेहुंए रंग के लिए

अगर आपकी स्किन गेहुंए रंग की है, तो गहरे या रोजी पिंक, प्लम, बेरीज या डीप



ब्राउन रेड कलर बढ़िया आपके नाखुनों के लिए बढ़िया रहेगा। आपकी स्किन टोन पर स्काई ब्लू कलर काफी खूबसूरत लगेगा। इसके अलावा कॉफी या चॉकलेट से मिलते हुए कलर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे।

### सांवली रंगत के लिए

आपकी स्किन डार्क है, तो ब्राउन का कोई भी शेड आप पर अच्छा लगेगा। शीयर, शिमर लाइट ब्राउन से कॉफी टोन तक सब अच्छे लगेंगे। आप इनमें से कोई कलर अपने नेल्स के लिए चुन सकते हैं।

### इस बात का भी रखें ख्याल

ज्यादा पीलापन लिए ब्राउन नेलपेंट या येलो अंडरटोन न लगाएं वरना लगेगा कि आप सिगरेट ज्यादा पीती हैं। डार्क रेड सुंदर लगते हैं लेकिन अगर आपकी स्किन पीलापन लिए है, तो रेड में ब्लू अंडरटोन चुनें।

# अगर ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में शामिल करें नट्स और सीड्स

महिलाएं हो या पुरुष ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनकी स्किन ग्लोइंग बनी रहे। चमकता चेहरा आपको भीड़ से अलग कर देता है। चेहरे को चमकाने के लिए ज्यादातर महिलाएं मेकअप तो कुछ नेचुरल टिप्स को अपनाती हैं। इनसे चेहरे पर चमक तो आती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से चेहरे की रंगत उड़ जाती है। ऐसे में अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में कुछ फूड्स को शामिल कर लें। ये फूड्स लगाने की जगह खाने से ही आपकी त्वचा खिल उठेगी।



### नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना

नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना माने जाते हैं। इन्हें आप किसी भी समय कच्चा या फिर पानी में भिगोकर खा सकते हैं। आप चाहे तो इन्हें हल्वा से लेकर दलिया या फ्रूट सलाद के साथ भी खा सकते हैं। इन्हें खाने से सेहत अंदर से बूस्ट होती है। इम्यूनिटी स्ट्रोंग होती है। साथ ही नट्स और सीड्स में मिलने वाले पोषक तत्व स्किन को भी हेल्दी बनाएं रखते हैं। इससे स्किन की समस्याएं खत्म होती है और ग्लो करती है।

### शकरकंद खाना कर दें शुरू

शकरकंद सेहत के साथ ही स्किन को हेल्दी बनाएं रखने के लिए बेहतरीन फूड है। इसमें बीटा केरोटीन से लेकर विटामिन ए भरपूर मात्रा में मिलता है। यह सर्दियों का सुपरफूड है, जिसे खाने में शामिल करके आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी। यह एक ऐसा फूड है,जिसे आप बिना तेल में पकाएं भी खा सकते हैं। यह डायबिटीज मरीजों के लिए मीठे की क्रेविंग को शांत रखता है और ब्लड शुगर लेवल भी नहीं बढ़ने देता।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी सब्जियों में आपकी बॉडी में पावर बूस्ट करने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इन सब्जियों में विटामिन ए से लेकर सी, मिनरल्स और फाइबर मिलते हैं। इससे पाचन शक्ति तो बूस्ट होती ही है। स्किन भी हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। अगर आप किसी तरह की स्किन डिजीज से जूझ रहे हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं

# पुरानी साड़ियों से तैयार करें नया आउटफिट

जब किसी शादी या पार्टी में जाना होता है तो लड़कियों के सामने सबसे पहली समस्या यह आती है कि उनके पास पार्टी में जाने के लिए कपड़े नहीं होते हैं। वे हर प्रदर्शन के लिए कुछ नया चाहती हैं। इसलिए, पहले खरीदे गए सभी कपड़े कोठरी में रहते हैं और उपयोग में नहीं आते हैं, जिसमें पुरानी साड़ियों के लिए एक अलग गोदाम होता है। अगर आपका भी कुछ ऐसा ही हाल है तो आप पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं जो पहनने पर बिल्कुल खूबसूरत और नई लगेंगी। आइए जानें...

### अनारकली सूट

*आप अपनी किसी भी पुरानी साड़ी से अनारकली सूट बना सकती हैं, इससे आपकी पुरानी साड़ी भी लग जाएगी और नया आउटफिट भी तैयार हो जाएगा। बस इस बात का ध्यान रखें कि साड़ी थोड़ी भारी होनी चाहिए ताकि सूट थोड़ा गोलाकार और सुंदर दिखे।*

### स्कॉटिश स्कर्ट

*अगर आपके घर में आपकी मां या दादी की कोई पुरानी और खूबसूरत साड़ी है तो आप उससे भी लहंगा बना सकती हैं। बस इसके लिए आपको शिफॉन या बनारसी साड़ी में से किसी एक का चयन करना होगा क्योंकि किसी अन्य फैब्रिक से बना लहंगा अच्छा नहीं लगेगा।*



**शरारा**

*आजकल हर लड़की शरारा ट्रेंड को फॉलो कर रही है। अगर आपके पास बहुत वर्क वाली साड़ी है तो आप उस साड़ी से शरारा बना सकती हैं। जिसे आप किसी भी क्रॉप टॉप या कुर्ती के साथ पहन सकती हैं।*

### लहंगा

यह ड्रेस आजकल काफी ट्रेंड में है और बाजार से खरीदने पर काफी महंगी भी है लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप इसे पुरानी साड़ी के साथ भी बना सकती हैं। एक बार पूरा हो जाने पर यह बहुत सुंदर होगा। अगर आपके पास सिंपल साड़ी है तो आप उस साड़ी से रोजाना पहनने के लिए सिंपल कुर्ती बना सकती हैं। जो इस्तेमाल में नया और खूबसूरत लगेगा। कुर्ती के अलावा आप शॉर्ट कुर्ती, टॉप आदि भी बनवा सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### शास्त्रीय गायन में कुंदन मिश्रा बृजभूषण सम्मान से सम्मानित

**अम्बिकापुर।** शहर के कलाकार कुंदन मिश्रा को वृंदावन में आयोजित 13वीं अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण रंग महोत्सव मे बृजभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। 30 व 31 दिसंबर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण रंग महोत्सव में कुंदन मिश्रा ने बतौर कलाकार शास्त्रीय गायन में राग गुजरी तोड़ी की प्रस्तुति दी। कुंदन वर्तमान में नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय अंबिकापुर में व्याख्याता गायन के पद पर नियुक्त है।

### ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** लक्ष्मीपुर निवासी अक्षत हालदार आ. स्व. जगरनाथ (50 वर्ष) सोमवार की दोपहर घर में था। इसी दौरान सीने में अचानक दर्द होने की शिकायत करने लगा। परिजन आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की संदिग्ध मौत हो जाने पर आज मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## निधन

### हेमंत कुमार देव

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रिजनल स्टोर में चीफ स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत हेमंत



कुमार देव आ. केडी देव का सोमवार शाम 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बिश्रामपुर हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी हेमंत कुमार पिछले एक वर्ष से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे, सोमवार की देर शाम अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें केंद्रीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.202312262000007/अ-6/2023-24
आगामी तिथि 12/01/2024

**//ईश्तहार//**

इस सर्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण को आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक हफीजुल्ला आ. अब्दुल मजीद, उम्र 65 वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी सूरजपुर मस्जिदपारा, थाना व तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि खसरा नम्बर 1979/1 रकबा 27781 व.फि. एवं भूमि खसरा नम्बर 1977/1 रकबा 2174 व.फी., जो नजूल अभिलेख में आवेदक के पिता अब्दुल मजीद एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, आवेदक के पिता अब्दुल मजीद एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, आवेदक के पिता अब्दुल मजीद की मृत्यु दिनांक 14.02.2022 को होने पर मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 12/01/2024 को न्यायालयीन अवधि दोपहर 03.00 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।।

आज दिनांक 26/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**सूरजपुर**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार गुप्ता पिता स्व. केदारनाथ गुप्ता निवासी देवीगंजरोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 434/25 रकबा 0.028 हे. भूमि को अनावेदक राजेश कुमार गुप्ता पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद गुप्ता व अन्य निवासी मायापुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 29,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 29/01/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

## दर-दर भटक रहे ग्रामीण, विभाग ने किए हाथ खड़े

# विभाग ने बना दी 11 किमी लंबी सड़क भू-स्वामियों को नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ चिरगां से गोविंदपुर तक 11 किलोमीटर डामरीकरण सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण कर दिया। लेकिन 11 किलोमीटर सड़क बनाने के दौरान भूस्वामियों का भूमि अधिग्रहित करने के बाद भी मुआवजा के लिए लोक निर्माण विभाग हाथ खड़ा कर दिया है। ऐसे में भूमि अधिग्रहित करने के दो साल बाद भी पहाड़ी क्षेत्र के पहाड़ी कोरबा सहित उरांव जनजाति अपनी भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि लेने लोक निर्माण विभाग, भू अर्जन विभाग सहित अन्य कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है।

**खास बात**
- 18 करोड़ से अधिक की लागत से बनाई गई है सड़क व पुल-पुलिया

ग्रामीणों द्वारा जर्जर सड़क की मरम्मत कराने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ चिरंगा से गोविंदपुर तक की जर्जर सड़क की निर्माण के लिए वर्ष 2022 में 18 करोड़ 49 लाख की स्वीकृति मिली। सड़क निर्माण से पूर्व सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि का अधिग्रहण कार्य पूरा किया गया। इस बीच बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा, उरांव जनजाति के लोगों की भूमि अधिग्रहित कर 11 किलोमीटर की सड़क निर्माण, पुल पुलिया कार्य पूर्ण की गई। क्षेत्र के लोगों को जर्जर सड़क से निजात तो मिल गई परंतु भूमि स्वामियों को मुआवजा राशि नहीं मिली। पिछले दो साल से भू-स्वामी अधिग्रहित किए भूमि का मुआवजा राशि के लिए दर-दर भटक रहे है। इधर ग्रामीण कई बार लोक निर्माण विभाग, भू अर्जन विभाग के अलावा कलेक्टर से शिकायत की परंतु आज तक मुआवजे की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत गोविंदपुर के ग्रामीण महतो राम, बसंत, विकुल पहाड़ी कोरवा, महेश, मांगेराम, प्रेमसाय, सुखदेव, बुद्धेश्वर झांगना, सोहरान,उनराम सिंह, बुधना पहाड़ी कोरवा ने बताया की लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने के दौरान निजी भूमि अर्जन हेतु सामाजिक समाघात हेतु 5 लाख की राशि कलेक्टर के भूअर्जन शाखा को शुल्क दे दिया गया है। लेकिन अब तक प्रभावित निजी भू स्वामियों को मुआवजा नहीं मिल सका है।



मुआवजा राशि के लिए भटकते ग्रामीण।



पहाड़ चिरगां से गोविंदपुर तक नवनिर्मित सड़क।

### 30 से 40 एकड़ भूमि किया अधिग्रहित

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने के दौरान भूमि स्वामियों का पट्टा की भूमि को अधिग्रहित किया गया है। गोविंदपुर , परसाडाड, भटको, चिरगां के लगभग डेढ़ सौ भूमि स्वामी सड़क बनने के बाद अपनी भूमि का मुआवजा लेने दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इन ग्रामीणों के लगभग 11 किलोमीटर के दायरे में 30 से 40 एकड़ भूमि अधिग्रहित किया गया है।

### मुआवजा प्रक्रिया जारी है

ग्राम भटको, चिरंगा, गोविंदपुर तक बने 11 किमी सड़क के निजी भूमि स्वामियों का मुआवजा राशि देने के लिए भू अर्जन शाखा को प्रत्रक प्रेषित किया गया है,कार्रवाठ की प्रक्रिया पूरी होने पर जल्द ही भूमि स्वामियों को मुआवजा राशि प्रदान किया जाएगा।

-प्रकाश सिन्हा
एसडीओ लोक निर्माण विभाग

# साल भर से रोड लाइट बंद ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा



सौर ऊर्जा चलित रोड लाइट व स्ट्रीट लाइट केदमा में मात्र शो पीस बन कर रह गई है। आलम यह है कि साल भर से रोड लाइट बंद है बावजूद इसके आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने संबंधित विभाग से शिकायत नहीं की है। ऐसे में विभाग की उदासीनता रवैया के खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्रेडा विभाग द्वारा तो ग्राम केदमा बाजारपारा में सौर ऊर्जा चलित रोड लाइट तो लगा दिया गया परंतु विभाग देखरेख करना भूल गया। लगभग एक साल से रोड लाइट बंद पड़ी है। रोड लाइट के बंद होने की शिकायत ग्रामीण समेत सरपंच ने कई बार विभाग के कर्मचारियों से की पर हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला और आज तक आश्वासन पूरा नहीं हो सकी। जबकि गांव में लगाए गए बल्व एवं एंगल खराब हो चुके है जिसे बदलने की जरूरत है। परंतु ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं हो सका है। केदमा में 3 स्ट्रीट लाइट हुए है और उनके बल्ब खराब हो चुके है। रोड लाइट बंद होने से ज्यादा परेशानी अस्पताल एवं बाजार चौक के राहगीरों को होती है। ग्रामीणों ने रोड लाइट की जल्द मरम्मत नहीं करने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

### निधन पर रामबिलास सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**अम्बिकापुर।** कलेक्टोरेट कार्यालय के पूर्व अधीखक राम बिलास सिंह का निधन होने पर वरिष्ठ नागरिकों ने स्टेडियम ग्राउण्ड में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व का स्मरण किया। इस दौरान बीएस सिंह, विजय तिवारी, शंकर सिंह, एसएन सिंह, डीडी पाठक, पीसी मिश्रा, एडी पुरिया, जे कुशवाहा, एचडी सिंह, जेपी गुप्ता, गिरीश सिंह, जेपी तिवारी उपस्थित थे।



# नए साल के पहले दिन बंसीधर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नगरवासी नए साल के पहले दिन झारखण्ड के नगर उंटारी में स्थित बंशीधर मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। नगर वासियों ने सामूहिक रूप से बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर वासियों से कहा कि नए वर्ष में नगर विकास की नई ऊंचाइयों को छुए यही हम सब का प्रयास रहेगा। स्वच्छ एवं सुंदर रामानुजगंज सबको मिलकर बनाना है। इस दौरान सुभाष जायसवाल, टीआर शर्मा, एसपी निगम, गोपाल गुप्ता, सुरेंद्र केसरी, विजय रावत, विनोद केसरी, नंदू रजक, पवन गुप्ता, पवन होटल, सुमित गुप्ता, अनूप कश्यप, राम ध्यान गुप्ता, बंसी गुप्ता, राजकुमार ठाकुर, अवधेश यादव, आलोक ठाकुर, अनिल कश्यप, बहादुर सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विपुल सिंह, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।



### शुद्ध सोने से निर्मित कृष्ण प्रतिमा

रामानुजगंज से करीब 90 किलोमीटर दूर झारखंड के नगर उटारी में स्थित बंशीधर मंदिर में भगवान कृष्ण की 1280 किलोग्राम शुद्ध सोने की निर्मित मूर्ति है। यहां दर्शन करने छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। नए साल के शुरुआत में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे।

## नए साल का जश्न मनाने रकसगंडा व लफरी में उमड़े सैलानी

**बिहारपुर।** नववर्ष पर रकसगडा जल प्रपात में सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान अधिक भीड़ होने के समय पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार को दिन भर लफरी, रकसगडा सहित आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। ठंड के बावजूद पर्यटकों ने जल प्रपात का जमकर लुत्फ उठाया। सैलानियों ने पहाड़ों पर नाच-गाकर नव वर्ष को यादगार बनाया। नववर्ष पर पड़ोसी राज्यों के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग रकसगंडा, लफरी जल प्रपात में ऊंचाई से गिरते झरने का लुत्फ लेने पहुंचे। सुबह से ही सैलानी पर्यटन स्थलों पर पहुंचने लगे। इस दौरान रकसगडा, लफरी, जलप्रपात के पास वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। जल प्रपात पूर्वांचल के लोगों की खास पसंद बन गया है।

- सुरक्षा के लिए पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्था



# समावेशी शिक्षा अंतर्गत शिक्षकों को दिया गया उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में शाला त्याग की प्रवृत्ति को रोकने एक दिवसीय उन्नमुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का विकासखंड स्तरीय आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के सभा कक्ष में संपन्न हुआ।इसमें प्रशिक्षणार्थी के रूप में विकासखंड सूरजपुर के सभी संकुलों से शिक्षक, अभिभावक एवं विशेष आवश्यकता वाले 160 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शाला त्यागी होने के मूल कारणों का पता लगाकर उसे दूर करते हुए पुनः उन्हें शाला में आने हेतु प्रेरित करने पर आधारित था। कार्यक्रम में उपस्थित एपीसी सोमनाथ चौबे ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में यदि शिक्षक और अभिभावक एक विशेष कार्य योजना बनाकर ध्यान देंगे तो उनमें सुधार का प्रतिशत निश्चित रूप से बढ़ जाएगा। बीआरसी मनोज मंडल ने कहा कि हमें कक्षा कक्ष का वातावरण इस प्रकार से निर्मित करने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे समावेशी शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को शेष बच्चों के साथ मिलकर पढ़ने की इच्छा बनी रहे और वे विद्यालय से दूर होने के बारे में सोच भी ना सके। प्रशिक्षण में जम्मू कश्मीर के सीतलवार जिले की 16 वर्षीय शीतल देवी जिन्होंने चीन में आयोजित एशियाई पैरागेम में तीन गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा तथा इंटरनेशनल लेवल के इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पहली ऐसी महिला खिलाड़ी बन गई, जिनके दोनों हाथ नहीं है का वीडियो सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य, अमर कुमार जैन, बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय, मास्टर ट्रेनर राधा नंदी एवं प्रमोद टंडन उपस्थित थे।



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

## मेमू ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**बिश्रामपुर।** नशे की हालत में रेल लाइन पार कर अपने घर से दुकान जाने निकले युवक की मेमू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेल प्रबंधन की सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। बताया गया कि जयनगर थाना क्षेत्र के अजबनगर रांगपारा निवासी मनोहर पण्डो आ. स्व. पूरन पण्डो 23 वर्ष मंगलवार को शराब के नशे की हालत में अपने घर से दुकान जाने की बात कह कर निकला था। रेल पटरी पार करने के दौरान अंबिकापुर से शहडोल के लिए निकली मेमू ट्रेन संख्या 08750 के चपेट में युवक आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कमलपुर स्टेशन के यातायात सहायक हेमंत कुमार की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि नया साल मनाने के चक्कर में युवक पिछले दो दिन से लगातार शराब पी रहा था।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

रायपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, FICH (Hematologist)
रक्त रोग विभिन्न लक्षण
- खून की कमी
- प्लेटलेट की कमी
- बार-बार खून चढ़ना
- सिकल सेल एनीमिया
- थैलेसीमिया
- ब्लड कैंसर
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- Aplastic Anemia
- Multiple Myeloma
दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक
दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक
सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MD, M.Ch Neuro Surgeon
क्या आप भी परेशान है इन सब से...
- नसो में कमजोरी
- हाथ पैर में कम्पन, झुनझुनी
- चक्कर बेहोशी
- याददाश्त कम होना
- मिर्गी, फिट जलन
- सिर दर्द माईग्रेन लकवा
- (पैरालिसिस)
- हाथ पैर में कमजोरी
- डायबिटिक न्यरोपैथी
- हाथ, पैर, कमर, गर्दन में असहनीयदर्द
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-14 जनवरी, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्धः
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

Health Town
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध | जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़,
महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## खबर संक्षेप

### बाधा करने व अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अंबिकापुर।** कलेक्टर कुंदन कुमार व एसपी सुनील शर्मा ने मंगलवार को ट्रक, बस मालिक संघ, स्कूल बस प्रबंधन, पंप संचालक, मंडी व सब्जी विक्रेता संघ, व्यापारी संघ, गैस वितरकों सहित विभिन्न संघों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर देशव्यापी हड़ताल पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में अत्यावश्यक सेवाएं लोगों को मिलते रहे, इस पर लगातार निगरानी रखी जाए। बस स्टैंड में रैन बसेरा में फंसे हुए यात्रियों के रुकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है ताकि किसी को परेशानी का सामना ना करना पड़े। वहीं उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जगी। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने कहा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर एसपी ने संयुक्त रूप से कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों, स्कूल बस, एंबुलेंस, अत्यावश्यक सुविधाओं के संचालन को रोकने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की सहायता, पुलिस स्क्वॉड से त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इस परिस्थिति में किसी भी तरह की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह से कोई दुकानदार जमाखोरी या कालाबाजारी अथवा महंगे दाम पर आवश्यक सामग्री न विक्रय करें, साथ ही बाजार में वाहन चालक सब्जियां, फल लेकर समय पर पहुंचे इसके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प



**लखनपुर।** ग्राम लैंगा व मुटकी में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, कामेंद्र राजवाड़े, मदन राजवाड़े, परमेश्वर प्रजापति, अवधेश कुमार यादव की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व समूह की दीदियों ने मनमोहन सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में आयोजित प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाले लोगों को पुरस्कृत किया गया। अधिकारियों ने पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि राज्य से लेकर केंद्र तक डबल इंजन की सरकार है। गांव में दूर-दूर पर बसे लोगों की हर समस्या का समाधान होगा। कार्मेंद्र राजवाड़े ने कहा कि 2047 तक पूर्ण विकसित भारत बनाना है। इसके लिए मोदी सरकार अनेक योजनाएं लाकर काम कर रही है। भाजपा नेताओं ने लोगों को शपथ दिला पूर्ण विकसित भारत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय, विनोद यादव, महेंद्र बघेल, तुलसाय देवांगन, मसतराम पैकरा, भरत प्रजापति, शुभलाल, अखिलेश सिरदार, शिव सिंह आदि मौजूद थे।

### सरगुजा संभाग में आवागमन का सड़क यातायात एकमात्र साधन, वाहनों का संचालन बंद होने से फंसे यात्री

# दूसरे दिन भी जारी रही चालकों की हड़ताल, जनजीवन प्रभावित



ड्राइवरों की हड़ताल से सूना रहा बस स्टैंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर प्रदेश व्यापी चालकों की हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण जिले में वाहनों के पहिए थम गए है। ट्रक व अन्य माल वाहक वाहनों के पहिए थमने से कारोबार खाद्य सामग्रियों की सप्लाई रुक गई है व कारोबार प्रभावित हुआ है इसके साथ ही यात्री वाहनों के बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दूसरे राज्यों से पहुंचे हुए यात्री वाहन नहीं मिलने के आभाव में बस स्टैंड में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। बस सरगुजा में परिवहन का एकमात्र आसान साधन है लेकिन हड़ताल के कारण आवागमन रुक गया है। हड़ताल के कारण पेट्रोल पम्प में लोगों की लम्बी कतारें नजर आ रही है। चालकों ने कानून वापस नहीं होने तक आंदोलन जारी रहने की बात कह रहे है। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में परिवर्तन किया है। नई धारा 106 (2) के तहत अगर कोई व्यक्ति उतावलेपन व उपेक्षापूर्ण ड्राइविंग से किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है और वह पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना देने के बजाए भाग जाता है तो उसपर हिट एन्ड रन का केस दर्ज होगा जिसमें दस वर्ष के कारावास का प्रावधान है। इसके साथ ही 7 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

**खास बात**

- प्रशासन ने कहा अफवाहों पर ध्यान देने से बचें

सड़क दुर्घटना को लेकर बनाया गया कानून सभी छोटे व भारी सभी प्रकार के वाहन चालकों पर लागू होने की बात कही जा रही है लेकिन इस कानून को लेकर ट्रक बस चालकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी से ट्रक व बस चालक हड़ताल पर चले गए है। हड़ताल के कारण मालवाहक व यात्री वाहनों के पहिए पूर्ण रूप से ठप हो गए है और इसका सीधा असर आम जनता के जन जीवन पर पड़ा है। सरगुजा अंचल की बात की जाए तो यहां रेल सुविधा तो है लेकिन रेलयात्रा के मार्ग सिमित है। सरगुजा से प्रतिदिन 500 से अधिक बसें छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश तक के लिए रवाना होती है और हजारों की संख्या में लोग यात्री बसों पर ही निर्भर है और यात्री बस चालकों के हड़ताल पर जाने के कारण आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो गया है। अचानक हुए इस हड़ताल के कारण सफर कर रहे सैकड़ों यात्री बीच रास्ते में ही फंस गए है। आज भी प्रतीक्षा बस स्टैंड में सन्नाटा पसरा रहा और लोग भटकते नजर आए। सीमित राशि होने के कारण यात्रियों को भोजन पानी के साथ ही अन्य संसाधनों के लिए जूझना पड़ रहा है। इसके साथ ही यात्रियों को बीती रात खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ रही है।

#### चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन

वहीं आज भी बस चालकों ने प्रतीक्षा बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन किया और कानून को वापस लेने की मांग की। चालकों का कहना है कि हर बार गलती बस या ट्रक चालकों की नहीं होती है। कई बार सड़क पर चल रहे बाइक सवार भी अपनी गलती के कारण उनकी गाड़ी के नीचे आ जाते है। ऐसे में यदि दुर्घटना होने पर यदि वे घटना स्थल पर रुकते है तो आक्रोशित भीड़ उनपर हमला कर देगी और उन्हें अपनी जान भी गवानी पड़ सकती है। ऐसे में इस तरह का कानून अव्यवहारिक है। इसके साथ ही चालकों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन के हिसाब से महज 3 सौ रुपए मिलते है और इस राशि के बल पर सड़क दुर्घटना होने पर 7 लाख का जुर्माना भरना और दस साल की सजा काटना संभव नहीं है। चालकों ने कहा कि हड़ताल के कारण उनक रोजगार भी ठप हो गया है लेकिन उनकी चिंता कोई नहीं कर रहा है। चालकों ने कानून वापस नहीं होने तक आंदोलन जारी रहने की बात कही है।

#### फल, सब्जियों की कीमतों में उछाल

हड़ताल के कारण दूसरे दिन भी ट्रकों के पहिए थमे रहे। हड़ताल के कारण ट्रकों में लदा समान अपने गंतव्य को नहीं पहुंच पाया। ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण खाने पीने की वस्तुएं, राशन, फल सब्जी के साथ ही अन्य सामान नहीं पहुंच पा रहे है और ऐसे में खाद्य सामग्रियों की कीमतों में उछाल देखी गई है। हड़ताल के दूसरे दिन ही सब्जियों की कीमतें बढ़ गई क्यों कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में फल सब्जियां ट्रकों के माध्यम से ही आती है इसके साथ ही सरगुजा की सब्जी मंडी से यूपी, बिहार जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर सब्जियों का कारोबार भी किया जाता है।

#### स्कूल बस नहीं चलने से अभिभावक परेशान

चालकों की इस हड़ताल में स्कूल बसों के चालक भी शामिल हो गए है। स्कूल बस चालकों के हड़ताल में शामिल होने के कारण स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। जिले के साथ ही संभाग में भी बड़ी संख्या में स्कूलों के बच्चे बस से आवागमन करते है लेकिन हड़ताल के कारण कई बच्चे आज स्कूल नहीं पहुंच पाए। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूल बस सुविधाएं पूर्ण रूप से ठप रही और बच्चे स्कूल नहीं जा पाए जबकि शहरी क्षेत्रों में अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल तक छोड़ने और वापस घर ले जाने पहुंचे थे। ऐसे में बच्चों और अभिभावकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

#### पेट्रोल पम्प के बाहर लगी कतार

इस हड़ताल में पेट्रोल डीजल टैंकर चालक भी शामिल हो गए है। हड़ताल के कारण पेट्रोल कंपनियों के टैंकर खड़े हो गए है और पेट्रोल पंप तक पेट्रोल डीजल नहीं पहुंच पा रहा है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद पंप में लोगों की लम्बी लम्बी कतारें नजर आ रही है। पेट्रोल डीजल खत्म होने की संभावनाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों में पेट्रोल भरवा रहे है। हड़ताल के कारण जिले के आधा दर्जन पेट्रोल पंप ड्राई हो गए है।

#### प्रशासन ने किया पैनिक नहीं करने का आह्वान

हड़ताल को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के बाद जिला प्रशासन भी एक्टिव हो गया है। बैठक के बाद कलेक्टर कुंदन कुमार ने इस स्थिति को नियंत्रण में रखा गया है। आम जन पैनिक ना हों। उन्होंने आह्वान किया कि लोग किसी भी तरह की अफवाह से बचें। प्रशासन द्वारा पेट्रोल डीजल सहित आवश्यक वस्तुओं की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित कुल पेट्रोल डीजल पंपों की संख्या 67 है। इनमें से 61 पंपों में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल का स्टॉक 277000 लीटर और डीजल का स्टॉक 475000 लीटर उपलब्ध है। 41 पंपों में आज दिनांक की स्थिति में आपूर्ति की गई है। जिले में मौजूद पंपों में रिलायंस 1, इंडियन ऑयल 25, भारत पेट्रोलियम 17, और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 24 पंप हैं। आज की स्थिति में केवल 6 पंप ड्राइ है। गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त उपलब्ध है। जिले में 17 गैस एजेंसी है, जहां 16 एजेंसी में 3896 गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

## पेट्रोल पंप में लोगों की उमड़ी भीड़ वाहन चालकों की हड़ताल का पड़ा असर



**सूरजपुर।** जिले में वाहन चालकों के हड़ताल का असर अब दिखाई देने लगा है। जिले भर के पेट्रोल पंप के ड्राई होने की संभावना को लेकर लोग पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं। लोग पेट्रोल, डीजल स्टॉक करने के लिए एकाएक पेट्रोल पंप की ओर रुख करने से पूरे दिन सभी पेट्रोल पंप में लोगों की भीड़ लगी रही। ऐसे में वाहन चालकों के हड़ताल का जनजीवन पर भी असर पड़ता नजर आ रहा है। इधर लोगों ने भी चालकों के हड़ताल को जायज बता रहे है। आज कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी भी नगर के पेट्रोल पंप की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। नगर में वाहन चालकों के हड़ताल से पेट्रोल और डीजल की समस्या बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। जिसके मद्देनजर नजर आज पेट्रोल पंपों में जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी भी अवलोकन करने निकले जहां लोग पेट्रोल के लिए कितना जद्दोजहद कर रहे हैं यह उन्होंने भी महसूस किया।

#### जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक



जिले के सभी पेट्रोल पंपों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की मात्रा उपलब्ध है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में निरंतर जिले के समस्त पेट्रोल पंपों में ऑयल उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। हड़ताल से बनने वाली परिस्थितियों पर कलेक्टर सहित पूरा प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। परिस्थितियों की लगातार समीक्षा की जा रही है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों में पर्याप्त स्टॉक लोगों के उपयोग के लिए उपलब्ध है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दे। कलेक्टर ने कहा है कि जमाखोरी और मुनाफाखोरी की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। ऑयल की आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार ऑयल वितरण कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों में ऑयल कंपनियों द्वारा निरंतर डीजल पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है।

#### पेट्रोल पंपों में सुबह से लगी रही लंबी कतार

**बिश्रामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किये हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में वाहन चालकों व संघो की एक जनवरी से शुरू हुई हड़ताल से आगामी दिनों में पेट्रोल की संभावित कमी होने की आशंका व फैली अफवाह के बाद मंगलवार को सुबह से ही जिले भर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में पेट्रोल लेने दोपहिया चालको की भीड़ लगी रही,दिन भर लगी लंबी कतार के बाद पेट्रोल पंप के संचालकों ने स्थिति को भांप कर पेट्रोल नहीं है का बोर्ड गया दोपहर बारह बजे के बाद लगा दिया गया।इधर पेट्रोल पंपों में उमड़ी भीड़ के बाद जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने दोपहर बाद व्यवस्था देखने शहर में निकले, इस दौरान पेट्रोल पंप पहुंचे सूरजपुर कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि दो सौ से अधिक का पेट्रोल वाहनों में न देवें। साथ ही डिब्बे बोतल में भी ईंधन देने मना किया, इस दौरान कलेक्टर ने तेल भरवाने आए लोगो से नहीं हड़बड़ाने की सलाह दी।उन्होंने लोगों से चेक लिस्ट बनाकर घर से निकलने की सलाह भी दी ताकि आमजनों का समय व ईंधन दोनों बचे।



## दूसरे दिन भी जारी रही चालकों की हड़ताल



**बलरामपुर।** नए मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर जिलेभर में बस व ट्रक चालकों ने प्रदर्शन किया। इस हड़ताल के कारण यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपने घरों से यात्रा के लिए निकले लोगों को बस नहीं मिलने पर वापस लौटना पड़ा। यात्रा पर निकले लोग अपने निजी वाहनों और पैदल ही वापस घर लौटते नजर आए। बता दें कि जिले से छत्तीसगढ़ के साथ ही पड़ोसी राज्यों के लिए बसें चलती है लेकिन हड़ताल के कारण बस सुविधा पूरी तरह से बंद हो गई है। हड़ताल के कारण परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से चारमरा गई है। सब्जी-भाजी, किराना सामान अन्य ट्रांसपोर्ट के समान सहित पेट्रोल डीजल मुख्य नहीं पहुंच पाए जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा है। पेट्रोल टैंकर नहीं पहुंचने के कारण शहर के चार पेट्रोल पंप से तीन तीन पेट्रोल पंप दोपहर तक खाली हो चुके थे जबकि एक पेट्रोल पम्प में लोगों की लंबी कतार देखने को मिली। चालक संघ की हड़ताल बुधवार को भी जारी रहने की बात कही जा रही है। आज भी हड़ताली चालकों ने कानून के खिलाफ जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया।



#### नए मोटर व्हीकल एक्ट का विरोध, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**रामानुजगंज।** केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नए मोटर व्हीकल एक्ट का विरोध देखने को मिल रहा है। वाहन चालक ज्यादा सजा और जुर्माना का विरोध कर हड़ताल पर हैं जिससे रामानुजगंज के अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यात्री बसों के पहिया थम जाने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के दूसरे दिन ट्रक व बसों के पहिए थमने और परिवहन के साधन बंद होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोग महंगे दामों में वाहन बुकिंग करके आने-जाने को मजबूर हैं। बसों के बंद होने की जानकारी नहीं होने के कारण कई यात्री बस स्टैंड पर भटकते नजर आए।



#### जूते की माला लेकर चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**राजपुर।** केंद्र सरकार बनाए गए सख्त हिट एंड रन कानून के विरोध में तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन बरियों चौकी के अंतर्गत धौरपुर चौक के चालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हड़ताल का समर्थन नहीं करने वाले बस चालकों को प्रदर्शन कर रहे वाहन चालकों ने भी आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदर्शनकारी हाथ में जूते की माला लेकर खड़े रहे और समर्थन नहीं देने वालों को चेतावनी भी दी। इस दौरान उन्होंने कानून को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने ट्रक, हाइवा व ट्रेलर वाहनों को खड़ा कर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान दो पहिया वाहनों से आने- जाने वाले लोगों की विवाद की स्थिति बनती रही। बरियों चौकी प्रभारी सुभाष कुजूर के नेतृत्व में पुलिस बल काफी संख्या में तैनात था वाहन चालकों को समझाइश देकर शांतिपूर्ण तरीके से करने हेतु कहा गया।

## नेशनल पार्क के सीमावर्ती जंगल में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप

**बिहारपुर।** सीमावर्ती गुरू घासीदास नेशनल पार्क में बाघ की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। वन अमले ने जंगल में बाघ का एक अस्पष्ट होने के कारण वन अधिकारी जंगल में बाघ के मौजूदगी की जांच कराने की बात कह रहे हैं।

- ग्रामीण शावक सहित बाघ देखने की कह रहे बात, जंगल में मिला अस्पष्ट पद चिन्ह

गुरू घासीदास नेशनल पार्क में सालोभर हिंसक वन्य जीव बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही जारी रहती है। नेशनल पार्क की सीमा से सटा होने के कारण कई बार हिंसक वन्य जीव शिकार की तलाश में पार्क से निकलकर चांदनी-बिहारपुर जंगल में पहुंच जाते हैं। पार्क की सीमा पर बसे ग्राम कोल्हुआ के ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार को वे अपने मवेशियों को चराने बैजनपाट के पूर्वी क्षेत्र के जंगल में गए थे। इस दौरान शावक के साथ एक बाघिन को घूमते देख चरवाहे अपने पशुओं के साथ गांव लौट आए जंगल में शावक सहित बाघिन के मौजूद होने की सूचना पर ग्रामीण काफी भयभीत हैं तथा डर से जंगल नहीं जा रहे हैं। ग्रामीण अपने मवेशियों को भी जंगल के बाहर ही चरा रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला पिछले दो दिनों से जंगल में बाघिन के मौजूदगी का जायजा लेने साक्ष्यों को तलाश रहा है। सोमवार को जंगल में एक स्थान पर हिंसक वन्य जीव का एक पदचिन्ह भी मिला है लेकिन पदचिन्ह अस्पष्ट होने के कारण अधिकारी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि पदचिन्ह बाघिन का है या तेंदुए का। इसके पूर्व भी बैजनपाट जंगल में बाघ का पदचिन्ह मिला था लेकिन बाघ के क्षेत्र में भ्रमण करने अथवा शिकार करने की कोई सूचना नहीं मिली थी। पार्क क्षेत्र में बड़ी संख्या में तेंदुए मौजूद हैं। बीच-बीच में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के रास्ते जंगल में बाघ भी पहुंचते हैं। पिछले साल पार्क के रास्ते एक बाघ पहुंचा था जो लगातार एक महीने तक सूरजपुर एवं बलरामपुर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के बाद झारखण्ड स्थित पलामू टाइगर रिजर्व रवाना हुआ था। इसके कुछ दिनों बाद ही कालामांजन जंगल में एक बाघिन ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। हमले में बाघिन गंभीर रूप से घायल हो गई थी। रेंजर ललित साय पैकरा ने बताया कि ग्रामीणों ने जंगल में शावक सहित बाघिन देखने की सूचना दी है जिसकी जांच की जा रही है।



इस सम्बंध में वाइल्ड लाईफ सीएफ के आर बढ़ई ने बताया कि बाघ की मौजूदगी का पता लगाने जंगल में ट्रेप कैमरे लगाए जाएंगे।




## जनमन योजना के तहत पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति का सर्वे शुरू



**केदमा।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवाओं के मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को पूरे छत्तीसगढ़ में लागू करने के लिए सर्वेक्षण कार्य जोर शोर से चल रहा है। जनमन योजना के तहत उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सितकालो में भी विगत 12 दिनों से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पहाड़ी कोरवाओं को जाति प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि, जनधन खाता सहित लगभग केन्द्र सरकार की 16 योजनाओं के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। पूरे संभाग में कलेक्टर स्वयं निगरानी कर रहे है। शिविर में प्रत्येक दिन जनपद सीईओ, पीईओ, एसडीएम, पटवारी, तहसीलदार के साथ स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, बैंक समेत सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होते है। सितकालो पंचायत के सचिव रोशन सिंह ने बताया कि अब तक कुल जाति प्रमाण पत्र 38, राशन कार्ड 31, जन्म प्रमाण पत्र 67, नवीन शौचालय 35, जनधन खाता 44, सुरक्षा बीमा 52,आयुष्मान कार्ड 53, गैस कनेक्शन 21, केसीसी उद्यान 19, आधार कार्ड 54 जारी किए गए है। इसके अलावा बचे हुए लोगों का भी योजना के अनुसार पंजीयन किया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत मरेया के चुगटिकरा में भी प्रतिदिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में खामखूंट, धवई पानी, बारोपहाड़, घटोन के कोरवाओं को लाभ दिलाया जा रहा है। इस दौरान शासकीय कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि संतोष मझवार, सोनसाय, दशमेत सहित अन्य उपस्थित थे।







